## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए लगाएया शिविर

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गोगडीपुर, दाहा और काछवा के सरकारी स्कूलों में 'रोड रूल्स, लाइफ टूल्स' अभियान के तहत ट्रैफिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. इरम हसन के निर्देशन में हुए इन कार्यक्रमों में इंस्पेक्टर राजेश लता और इंस्पेक्टर रोशन लाल ने छात्रों को यातायात नियमों के महत्व को समझाया। इसके अलावा, जी.टी. रोड पर चालान ड्राइव भी चलाई गई, जिससे आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग किया जा सके।

### व्यवसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

**इंद्री।** रोजगार विभाग हरियाणा द्वारा 21 से 25 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत स्कूल व कॉलेज में पढने वाले छात्रों को करियर चुनने व स्वरोजगार की विभिन्न योजनाओं के बारे जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी जाटान में व्यवसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का है। इसलिए स्कूल स्तर से ही अपने करियर चुनने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि सही करियर का चुनाव करना बहुत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थी स्कूल स्तर से अपने करियर का चुनाव करे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन ऊर्जा से परिपूर्ण होता है। वे कठिन परिश्रम व लगातार अभ्यास से सफलता प्राप्त कर सकते है। वर्तमान समय में बैंकिंग, बीमा सेक्टर, हेल्थ सेक्टर व पैरा मेडिकल सेक्टर में योग्य उम्मीदवारों की काफी मांग है।

### बरसात के मौसम में रखें साफ-सफाई का ध्यान

**इंद्री।** एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने जनता का आह्वान किया है कि वे अपने घरों के आसपास व घरों के अन्दर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि बढ़ती गर्मी व बरसात के मौसम के कारण मक्खी-मच्छर पनपते हैं जिन्हें रोकने के लिए घर व आसपास साफ सफाई का कार्य बहुत जरूरी है। बरसात के दिनों में मच्छर के लार्वा अधिक पनपने के कारण उल्टी दस्त व हैजा जैसी बीमारियां फैलती है और मच्छरों से मलेरिया, डेंगू, जापानी व दिमागी बुखार तथा चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियां होती है। उन्होंने बताया कि मलेरिया व अन्य प्रकार के बुखार फैलाने वाले मच्छर रुके हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं, जबकि डेंगू बुखार की बीमारी फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पैदा होते हैं। इसलिए सभी व्यक्ति अपनी पानी की टंकियों को समय समय पर अच्छी तरह साफ करके पूरी तरह ढक कर रखें। एसडीएम ने बताया कि बरसात के मौसम में बीमारियों को रोकने के लिए सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है ताकि लोगों का स्वास्थ्य ठीक रह सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हमेशा स्वच्छ पानी का सेवन करें, पानी को उबाल कर पिए, खाना खाने से पहले व बाद में तथा शौच जाने के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं।

## 26 व 27 को होने वाली परीक्षा पर हुई चर्चा

# सीईटी परीक्षा के लिए करनाल प्रशासन तैयार, 358 बसों से पहुंचेंगे परीक्षार्थी, कोचिंग सेंटर रहेंगे बंद, सुरक्षा-व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई को आयोजित की जाने वाली संयुक्त पात्रता परीक्षा (CET) को लेकर करनाल जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल जिले के परीक्षार्थियों को यमुनानगर और पंचकूला में परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए 358 बसों की व्यवस्था की गई है। वहीं, जींद जिले के परीक्षार्थियों के लिए करनाल में



**करनाल।** बैठक में मौजूद अधिकारी परीक्षा को लेकर चर्चा करते हुए।

परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनके लिए 146 शटल बसों का संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यभर की तैयारियों की समीक्षा के बाद, डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसे एडमिट कार्ड दिखाकर रोडवेज बसों में प्राप्त किया जा सकता है। महिला अभ्यर्थियों के साथ एक सहायक को भी यह सुविधा दी जाएगी।

**प्रवेश पत्रों पर लिखे दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें:** शहर में लागू रहेंगे विशेष प्रतिबंध परीक्षा के दोनों दिन शहर में फोटोस्टेट की दुकानों और कोचिंग सेंटरों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि किसी स्थान पर भीड़ एकत्र न होने दी जाए और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। नागरिकों से अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील भी की गई है।बैठक में एसपी गंगाराम पूनिया, एडीसी सोनू भट्ट, एसडीएम अनुभव मेहता, डीपीओ संजय टांक, रोडवेज जीएम कुलदीप सिंह सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

### बसों के ड्राइवरों को निर्देश दिए

उत्तम सिंह ने परीक्षार्थियों से अपील की कि वे एडमिट कार्ड में उल्लिखित सभी निर्देशों का पालन करें और समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। बसों के ड्राइवरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मार्ग और गंतव्य की घोषणा करते रहें, ताकि कोई परीक्षार्थी गलत बस में न चढ़े।

### डिजिटल उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध

डीसी ने जानकारी दी कि परीक्षा केंद्रों में मोबाइल, स्मार्टवॉच सहित किसी भी डिजिटल डिवाइस का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यहां तक कि ड्यूटी पर तैनात स्टाफ को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए उनकी वीडियोग्राफी कराई जाएगी

## निगम आयुक्त ने दी सख्त हिदायत, विकास कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी

# इंजीनियरिंग विंग के साथ 2 घंटे चली समीक्षा बैठक, गुणवत्ता पर विशेष जोर

विकास कार्यों की रोजाना मॉनिटरिंग हो, सैम्पल लिए जाएं और उनकी जांच की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

नगर निगम करनाल की आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक कर विकास कार्यों की स्थिति और प्रगति का गहनता से मूल्यांकन किया। दो घंटे चली इस समीक्षा बैठक में उन्होंने एक-एक प्रोजेक्ट की जानकारी लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि काम की गति तेज हो और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की रोजाना मॉनिटरिंग हो, सैम्पल लिए जाएं, उनकी जांच हो और रैंडम क्रॉस चेकिंग भी की जाए। खामी मिलने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने इंजीनियरों से कहा कि /"जो प्रगति आप आज बता रहे


**करनाल।** बैठक में मौजूद अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### कनिष्ठ अभियंताओं को नियमित विजिट के निर्देश

आयुक्त ने कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे रोजाना साइट विजिट करें और उसकी साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपें। हर प्रोजेक्ट की एक्सेल शीट बनाकर उसका डेटा नियमित अपडेट किया जाए। इंजीनियरिंग शाखा के सलाहकार को कनिष्ठ अभियंताओं की मासिक रिपोर्ट संकलित करने का निर्देश भी दिया गया।

### शिकायत पोर्टलों पर ध्यान दें

उन्होंने कहा कि जन संवाद, समाधान शिविर और सीएम विंडो पोर्टल पर आई जन शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाएं, और रूटीन कामों से अलग सूची बनाकर इन पर कार्य करें। जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर समय से अपलोड करें।

हैं, अगली बैठक में उसमें ठोस वृद्धि दिखनी चाहिए, वरना कार्रवाई तय है।/"

**घरौंडा विकास कार्यों पर भी चर्चा:** बैठक में घरौंडा नगर पालिका के सचिव और अभियंताओं के साथ भी चर्चा की गई और समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस समीक्षा बैठक में उपायुक्त अभय सिंह, कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कल्याण,

## नगर निगम मॉडल टाऊन क्षेत्र से हटाएगा अतिक्रमण

- नागरिक स्वयं हटाएं अतिक्रमण एक सप्ताह का दिया समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि करनाल शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए निगम का अभियान जारी है। इसे लेकर अब नगर निगम की टीम ने मॉडल टाऊन क्षेत्र का रुख किया है।

उन्होंने बताया कि निगम की भवन शाखा की ओर से मॉडल टाऊन में रिहायशी व वाणिज्यिक क्षेत्र का सर्वे कर सार्वजनिक रास्तों, सडक़ के दोनों ओर की जगह तथा ग्रीन बेल्ड व पार्क इत्यादि में किए गए अतिक्रमण का पता लगाया जा रहा है। इसके बाद सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर-अंदर स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया जाएगा। इस अवधि में अगर कोई व्यक्ति अतिक्रमण नहीं हटाता, तो नगर निगम उस पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए मॉडल टाऊन क्षेत्र में मुनादी भी करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर में अतिक्रमण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने मॉडल टाऊन निवासियों को स्पष्ट किया कि उन द्वारा सरकारी भूमि, सडक़ व ग्रीन बेल्ट में जहां भी अतिक्रमण किया हुआ है, वह उसे शीघ्र अति शीघ्र हटाना सुनिश्चित करें, अन्यथा नगर निगम उनके विरूद्ध कार्रवाई करेगा।

सलाहकार महीपाल सिंह, विशेषज्ञ सतीश शर्मा, सचिव रवि प्रकाश शर्मा सहित निगम अधिकारी उपस्थित रहे।



### यूरिया की किल्लत से जूझ रहे किसान

**इंद्री।** इंद्री क्षेत्र मे यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों मे रोष पनपता जा रहा है । किसानों को जरूरत के हिसाब से यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है जिससे किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है । मंगलवार को भाकियू नेता (चढुनी)मनजीत चौगावा व किसान राहुल कलसौरा, रघुवीर, तेजपाल बरसालू,राममेहर व मोहित नेहरा सहित कई किसान खंड कृषि अधिकारी कार्यालय इंद्री मे पहुंचे और खंड कृषि अधिकारी से मिलकर यूरिया खाद की आपूर्ति सुचारू रूप से देने की मांग की । भाकियू नेता व किसानों ने बताया कि इस समय धान की फसल में यूरिया खाद की बहुत ज्यादा आवश्यकता है । अगर समय पर खेतों में यूरिया खाद नहीं डाला गया तो धान के उत्पादन में कमी आएगी । जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा । किसानों ने बताया कि उन्हें 15 कट्टो की जगह केवल दो-दो कट्टे ही यूरिया खाद के मिल रहे हैं जिससे उनके सामने यूरिया खाद की समस्या खड़ी हो गई है । किसानों ने बताया कि किसानों को समय यूरिया खाद उपलब्ध करवाना सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन फिर भी किसानों को यूरिया खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है । उन्होंने कहा कि यदि इस समय किसानों को पूरी मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध करवाया होता तो किसानों को दर- दर की ठोकरे नहीं खानी पड़ती । उन्होंने मांग की कि किसानों को तुरंत आवश्यकता के अनुसार यूरिया खाद उपलब्ध करवाया जाए ।

# नगरपालिका तरावड़ी में नामित पार्षदों ने ली गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

हरियाणा सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अंतर्गत नगरपालिका तरावड़ी में मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति कर दी है। 9 जुलाई को जारी अधिसूचना के अनुसार तरावड़ी नगरपालिका में दो पार्षदों को मनोनीत किया गया था। तरावड़ी नगरपालिका से वार्ड-1 के आत्मप्रकाश आनन्द और वार्ड-15 के भरत शर्मा को नामित किया गया है। इन 2 सदस्यों को मंगलवार को नगर पालिका में एक कार्यक्रम मे विधायक भगवान दास कबीरपंथी की मौजूदगी मे विधिवत रूप से पार्षद पद की शपथ दिलवाई गई। नॉमिनेटेड पार्षदों को निकायों की


**तरावड़ी।** नामित पार्षद आत्म प्रकाश व भरत शर्मा शपथ ग्रहण करते हुये साथ मे उपस्थित विधायक भगवान दास कबीरपंथी।

बैठकों और निर्णय प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधित्व मजबूत होगा। वे विशेषज्ञता या सामाजिक अनुभव के आधार पर नामित किए जाते हैं, जिससे निकाय में विविधता और बेहतर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। उनका उद्देश्य प्रशासनिक निर्णयों में सहयोग देना होता है। इन नामित पार्षदों ने मुख्यमंत्री सैनी व विधायक भगवान दास कबीरपंथी आभार प्रकट करते हुये कहा कि जो जिम्मेदारी हमें सौंपी गई उसका बखूबी से निर्वहन करेगें। इस अवसर पर नगरपालिका के सभी पार्षद व प्रधान विरेन्द्र बंसल, सचिव अजीत कुमार, भाजपा कार्यकर्ता, सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।



## नीलोखेड़ी में दो दिवसीय रिफ्रेशर कार्यक्रम का आयोजन

**नीलोखेड़ी/करनाल।** नीलोखेड़ी स्थित राजीव गांधी राज्य पंचायती राज संस्थान में मुनक और राई खंड के पंचायत समिति सदस्यों के लिए दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि /"आत्मनिर्भर भारत और ग्राम स्वराज की दिशा में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।/"उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की पंचायतें पढ़ी-लिखी और महिला नेतृत्व से सशक्त हो रही हैं। जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि चुनौतियों से डरें नहीं, बल्कि प्रशिक्षण के अनुभवों को प्रयोग में लाकर समाधान के नए रास्ते तलाशें। प्राचार्य डॉ. सोनिका भट्टी ने प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उम्मीद जताई कि संस्थान और प्रतिनिधियों के बीच निरंतर संवाद बना रहेगा। कार्यक्रम में संदीप भारद्वाज, वीरेंद्र ग्रेवाल, डिंपी मल्होत्रा, संजीत कुमार, आशीष कुमार, प्रदीप कुमार, लखविंदर कुमार, देशराज सहित अनेक प्रशिक्षक और अधिकारी उपस्थित रहे।

## भक्तिभाव और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा सावन महोत्सव

# महादेव की आराधना में लीन हुए भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

सावन के पावन अवसर पर ॐ नमः शिवाय जाप परिवार द्वारा रामनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में चल रहे सावन महोत्सव का भव्य आयोजन भक्तिभाव और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। आयोजन में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक, शिव भजन और महादेव के गुणगान के माध्यम से पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया।

इस मौके पर यजमान साजन ने पूरे परिवार सहित पूजा में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निशांत शानू शर्मा ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि /"शिव की भक्ति, समाज को जोड़ने की शक्ति है। इस तरह के आयोजन नई



पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और धर्म से जोड़ने में सहायक हैं।/"

**पूजा-अर्चना का संचालन पुजारी कृष्णाचार्य द्विवेदी ने विधिवत वेद मंत्रों के साथ किया:** भजनों की संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक आकाश जोग (असंध वाले) ने /"भोले तेरे द्वार खड़ा हूं मैं/" और /"शिव तांडव स्तोत्र/" जैसे सजीव भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु झूमते रहे और महादेव की आराधना में लीन हो गए। सेवा भाव में अग्रणी सेवादारों में संजय टिक्का, नरेश छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, अशोक दुआ, कपिल ढल, सुरिंदर अघि, विकास टिक्का, जसवंत मीढ़ा, राजेश मेहरा, शांति सचदेवा, साहिल खुराना, रोहित ग्रोवर, दीपक छाबड़ा, अमन कुमार, हन्नी मुंजाल, प्रेम कठपालिया, ज्योति मुंजाल, बबीता मक्कड़, रोजी टिक्का, तमन्ना मुंजाल और सुमन दुआ की भूमिका उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का समापन 'हर हर महादेव' के गगनभेदी नारों और महाप्रसाद के वितरण के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने इसे एक अध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण और समाज को जोड़ने वाला आयोजन बताया।

## न्यूज डायरी



### सावन में शिव भक्तों की आस्था का उमड़ा सैलाब

**करनाल।** श्रीराम मंदिर, सेक्टर 8 में सावन के 12वें सोमवार को शिवभक्तों ने पंचामृत से अभिषेक कर भोलेनाथ से मनोकामनाएं मांगी। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान जगन बत्रा, विभा, भुवन बत्रा मुख्य यजमान रहे। पूजा का संचालन पंडित अनिल द्विवेदी और पंडित हरीश शास्त्री ने किया। मंगलवार को आयोजित भजन संध्या में अनु खट्टर, वीना सेठ, सुशील मदान, मुरारी बत्रा सहित कई भजन गायकों ने भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। मंदिर समिति के प्रधान रविंद्र बत्रा ने बताया कि 23 जुलाई की शाम को शिवरात्रि के अवसर पर विशेष भजन संध्या और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



### मेजर जनरल केपी सिंह ने छात्रों को किया प्रेरित

**करनाल।** भारतीय सेना के अपर महानिदेशक (भर्ती) मेजर जनरल के.पी. सिंह ने मंगलवार को अपने पैतृक गांव सालवन स्थित गवर्नमेंट हाई स्कूल का दौरा किया। उन्होंने छात्रों को सेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया, खासकर अग्निवीर योजना और ऑफिसर स्कीम की जानकारी दी। मेजर जनरल सिंह ने कहा, /"सेना न केवल सेवा का अवसर देती है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता भी सिखाती है।/" उन्होंने बेटियों को भी अग्निवीर मिलिट्री पुलिस में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। यह दौरा इसलिए भी खास रहा क्योंकि मेजर जनरल सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी स्कूल से प्राप्त की थी।



### शुगर मिल नवनियुक्त प्रबंध निदेशक का स्वागत

**हरिभूमि न्यूज़ करनाल।** शुगर मिल कर्मचारी यूनियन (इंटक) ने नई नियुक्त प्रबंध निदेशक अदिति जी का गर्मजोशी से स्वागत किया। यूनियन के पदाधिकारियों राकेश कुमार, गुरमीत सिंह, राजपाल लाठर आदि ने कर्मचारियों की प्रमोशन सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा की। प्रबंध निदेशक अदिति जी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कहा कि /"जिस भी कर्मचारी की पदोन्नति बनती है, उसकी प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।/" यूनियन ने उनके आश्वासन के लिए आभार जताया।



### शिक्षकों को सिखाईं आधुनिक रणनीतियां

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया, जिसमें विषय रहा – "अधिगम परिणामों और शिक्षण विधियों पर प्रभावी रणनीतियाँ"। डॉ. जसजीत सूद ने ब्लूम टैक्सोनॉमी, अनुभवात्मक अधिगम, कक्षा परियोजनाएं, मूल्यांकन तकनीकें और शिक्षार्थी-केंद्रित पद्धतियों पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की समापन प्रस्तुति शिक्षिका रूबी सिंह ने दी और इसे /"शिक्षकों के लिए नवाचार का मार्ग/" बताया। प्राचार्य सुषमा देवगन और मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।



### जिला बाल संरक्षण कार्यालय ने दी कानूनी जानकारी

**करनाल।** बच्चों को कानूनी रूप से गोद लेने की प्रक्रिया को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए जिला बाल संरक्षण कार्यालय द्वारा कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ओपीडी ब्लॉक में एडॉप्शन डेस्क स्थापित की गई। इस पहल के तहत जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी और गैर-संस्थागत संरक्षण अधिकारी गुरमीत ने लोगों को बताया कि गोद लेने की प्रक्रिया केवल **CARA** (सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी) के माध्यम से ही की जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि गैरकानूनी रूप से बच्चा गोद लेना न केवल बाल अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह जेजे एक्ट 2015 के तहत दंडनीय अपराध भी है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को **CARINGS** पोर्टल, वैध प्रक्रिया, शिकायत तंत्र और कानून से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर एडीईओ रुचि और डेटा एनालिस्ट श्रीमती निधि ने भी तकनीकी सहयोग प्रदान किया और लोगों को बाल सुरक्षा संबंधित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### पेंटिंग बनाने में आर्यन प्रथम

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में छात्र आर्यन को पुरस्कृत किया गया। स्मरणीय है कि वन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में आर्यन प्रथम आया था। इस अवसर पर प्राचार्य ओम सिंह राणा, ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक, सुशील कुमारी, मधु बाला, राम नरेश, रविंद्र सिंह, जसबीर सिंह, उमेद सिंह, ममता देवी, दीपिका धवन, हीना, रमा देवी, राकेश कुमार, कीर्ति, सुनील कुमार बलविंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### शुगर मिल एमडी का पद संभाला

**पानीपत।** पानीपत सहकारी चीनी मिल का प्रबंध निदेशक के पद पर मंगलवार को संदीप कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले, वे हरियाणा राज्य विधि आयोग के सचिव एवं गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त कार्यालय के सदस्य सचिव रह चुके हैं। उन्होंने आज पदभार ग्रहण करने के बाद कर्मचारी एवं अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### 'नशा मुक्त भारत 2047' के तहत नशे से रहें दूर

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत 2047' अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एक अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन - मानस - 1933 की शुरुआत की गई है। यह हेल्पलाइन नंबर सातों दिन चौबीस घंटे सक्रिय रहेगा और नागरिकों को किसी भी समय नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी साझा करने की सुविधा देगा।

### फसल बीमा योजना का लाभ लें

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिला में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ के अंतर्गत फसल बीमा प्रक्रिया जारी है। डीसी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत धान, बाजरा, मक्का, और कपास की फसल को बीमित फसलों की श्रेणी में रखा गया है। वहीं, प्रदेश सरकार द्वारा फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### रिसालू रोड स्थित फैक्टरी से लापता बच्ची बरामद

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने रिसालू रोड स्थित एक फैक्टरी से खेलते हुए बाहर निकल लापता हुई तीन साल की बच्ची को चार घंटे में सकुशल बरामद कर परिवार को सौंपा। वहीं महिला अपनी बच्ची को लेकर मजदूरी के लिए फैक्टरी में गई थी, इस दौरान बच्ची खेलते हुए सडक पर चल गई और लापता हो गई।

### गौतम एकेडमी के खिलाड़ी छाए

**समालखा।** पानीपत क्लब में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में गौतम बैडमिंटन अकादमी समालखा के बच्चों ने 15 मेडल जीते। अकादमी के कोच व संचालक सन्नी गौतम ने बताया कि दिशा, लवीश, सनी गौतम, मनोज कुमार, प्रतिष्ठा, पर्व, सात्विक, तुषार ने मेडल जीते।

## कांवडियों के लिबास में पुलिस सक्रिय, जिला भर में सुरक्षा के कडे प्रबंध

# पानीपत से गुजरे लाखों कांवड़िये



पानीपत। आदर्श एक विश्वास सोसाइटी के स्वयं सेवी काविडयों को जूस पिलाते हुए।

### हरिद्वार हाईवे पर यातायात बंद, रोहतक हाइवे पर ट्रैफिक वन वे किया

हरिभूमि न्यूजरर ▶▶| पानीपत

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल से मंगलवार को लाखों कांवडियों गुजरे। वहीं पैदल, वाहन, डाक कावड़ियों गंगाजल लेकर अपनी मंजिल की ओर बढ रहे है। इधर, कांवडियों की सुरक्षा के लिए पुलिस लगातार चौकस है। दूसरी ओर, आदर्श एक विश्वास सोसाइटी के अध्यक्ष नवीन मुंजाल अपनी टीम के साथ का कावड़ियों की सेवा में जुटे है। कांवडियों को जहां दवाइयां व मसाज दी जा रही है, वहीं पौष्टिक आहार दिए जा रहे है। समाज सेवा संगठन द्वारा जीटी रोड पर मलिक प्लाजा के पास विशाल कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें कांवडियों को खाने, नहाने व सोने की सुविधा दी जा रही है। वहीं,

#### मुस्लिमों ने कांवडियों पर फूल बरसा कर स्वागत किया



**पानीपत।** पानीपत में मुस्लिमों ने कावडियों पर फूल बरसा कर जोरदार स्वागत किया। वहीं, अफसर रावल वाइस चेयरमैन हरियाणा, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद और सदस्य ग्रीवेंस कमेटी डॉ पीडी अरोड़ा ने कहा कि उत्तराखंड से लेकर उत्तरप्रदेश व हरियाणा की ओर चल रही कावड़ यात्रा में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल देखने को मिल रही है। यहां मुस्लिम समुदाय के लोगों सहित स्थानीय निवासियों ने कावड़ यात्रा पर निकले शिवभक्तों का जोरदार स्वागत किया व श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए गए और उन्हें फल वितरित कर सम्मानित किया है। कावडियों पर मुस्लिम लोगों ने न सिर्फ फूलों की वर्षा की, बल्कि जगह-जगह फल और पानी भी बांटे। इस दौरान 'हर हर महादेव' और बजरंगबली की जयघोष सुनाई दिया। इस अवसर पर विख्यात समाज सेवी चौधरी कमाल हुसैन, राशिद, हारून, सदा, फारुख, आरिस, साहिल, चौधरी हारून, अकदस सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



पानीपत। विश्व मानव रूहानी केंद्र के स्वयं सेवी, कावड़ियों को भोजन परोसते हुए।

### कावड़ियों की सेवा में जुटा है विश्व मानव रूहानी केंद्र

हरिभूमि न्यूजरर ▶▶| समालखा

विश्व मानव रूहानी केंद्र द्वारा सनौली में कांवडियों के लिए विशाल मेडिकल कैंप व भोजन की व्यवस्था की गई है। जिसमें रोजना सैकड़ों कावड़िए दी गई सुविधा का लाभ उठ रहे हैं। रुहानी केन्द्र की महासचिव हरजीत कौर ने बताया कि प्रत्येक विश्व मानव रूहानी केंद्र शिविर सभी प्रतिभागियों के हित को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय, राज्य और केन्द्रीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करता है। शिविरों का सौम्य और शांतिपूर्ण वातारण शिविरों को शोर-शराबे से रहित रख कर बनाया गया है। वहीं, शिविरों में सुरक्षित वातावरण को ध्यान में रखते हुए अग्निशामक यन्त्र व सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

पानीपत जिला के शहरी व ग्रामीण अंचल में हजारों स्थलों पर कैंप लगा कर कांवडियों की सेवा की जा रही है।



पानीपत। डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ विनीता तोमर के साथ विजेता विद्यार्थी।

### दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में 'पाई दिवस' मनाया

हरिभूमि न्यूजरर ▶▶| पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में मंगलवार को गणित विभाग की ओर से पाई डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने पाई के प्रतीक स्माइली बनाएं। कक्षा तीसरी के छात्रों ने पाई के आकार को सर्कुलर आकार में काटकर स्माइली बनाई। कक्षा थी के छात्रों ने पाईं को पेपर कटिंग और पेस्टिंग करके सजाया। कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने पाईं थीम पर आधारित सुंदर ब्रैसलेट बनाएं। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने दीवार पर लटकाने वाली सुंदर वस्तुएं बनाई। कक्षा आठवीं और नौवीं के बच्चों ने पोस्टर बनाकर पारंपरिक कला रूपों को पाई के साथ गणितीय मेल दर्शाया। प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर ने प्रतिभागियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### आईबीएएस के अध्यक्ष बने धर्मबीर बत्रा



पानीपत। इंद्र भान लैय्या एजुकेशनल सोसाइटी के नवनियुक्त पदाधिकारीगण।

**पानीपत।** इंद्र भान लैय्या एजुकेशनल सोसाइटी यानि आईबी शिक्षण संस्थाओं की त्रिवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। जिसमें धर्मबीर बत्रा को प्रधान, परम वीर ढींगरा को उपप्रधान, रवि गोसाईं को सचिव, रमेश कुमार नागपाल को कोषाध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण मिगलानी, बलराम नंदवानी, युधिष्ठिर मिगलानी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इधर, चुनाव प्रक्रिया डॉ. शशि प्रभा प्राचार्य आईबी (पीजी) कॉलेज रिटर्निंग अधिकारी और चुनाव पर्यवेक्षक विकास, ज़िला रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसाइटीज पानीपत की देख रेख में आयोजित हुआ। वहीं, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि आईबी शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा आदि कार्य गुणवत्ता के साथ और बढाया जाएगा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत काकोदा में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूजरर ▶▶| पानीपत



पानीपत। फैला उजियारा फाउंडेशन की की अध्यक्ष रंजीता कौशिक पौधे बांटते हुए।

फैला उजियारा फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण को बढावा देने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गांव काकोदा में पौधारोपण करवाया गया। वहीं फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने जहां ग्रामीणों से अपील की कि वे मानसून के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाए, वहीं रोपे गए पौधों की जवान होने तक देखभाल करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी सुखी होगी। पर्यावरण घना होने से वातावतरण प्रदूषण मुक्त हो जाएगा और इसका सीधा लाभ मानवता को मिलेगा। कौशिक ने ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधि संख्या में पौधे रोपे और उनकी देखभाल करें। इस अवसर पर रणवीर, प्रवीन, सुशील, निर्मला, सावित्री, सुमन, कमलेश, रितु, प्रमिला, वोहती, रोशनी निर्मला समेत बडी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी माताओं के नाम पौधे रोपे।

### सीएम ने प्रशासन को चौकस किया


- उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीईटी की परीक्षा नकल रहित हो

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आगामी 26 व 27 जुलाई को ली जाने वाली संयुक्त पात्रता परीक्षा-2025 (सीईटी ग्रुप-सी) की तैयारियों को लेकर पानीपत प्रशासन को वीडियो कांफ्रेंस से चौकस किया। वहीं, उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने वीसी के बाद आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानीपत में ग्रुप-सी की सीईटी यानी कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से करवाया जाए।

## समालखा हलके को विकसित करेंगे: भडाना

- विधायक मनमोहन ने खुला दरबार लगा कर जनसुनवाई की

हरिभूमि न्यूजरर ▶▶| समालखा



समालखा। विधायक मनमोहन भडाना जनसुनवाई करते हुए।

समालखा से विधायक मनमोहन भड़ाना ने सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में जन सुनवाई के तहत समालखा हलके के लोगों की समस्याएं सुनीं। वहीं, अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया साथ में संबंधित विभागों की समस्याओं के बारे में शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इधर, विधायक मनमोहन भडाना का जनता ने जोरदार स्वागत किया। जबकि विधायक भडाना ने दावा किया कि समालखा हलके के शहरी व ग्रामीण अंचल की समस्याओं का तेजी से निराकरण करवाया जा रहा है। वहीं हलके में विकास कार्य जोरशोर से जारी है और अगले चार सालों में समालखा हलके को समस्या मुक्त कर विकसित क्षेत्र बनाने के लिए वे दिन रात मेहनत कर रहे है। इस अवसर पर एसडीएम अमित कुमार, डीएसपी नरेंद्र कादियान, नगर पालिका सचिव मनीष शर्मा, पार्षद संजय गोयल, एसडीओ पब्लिक हेल्थ मोहित शर्मा, एसएमओ संजय आंतिल, चौकी इंचार्ज जितेंद्र आंतिल आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ऑफिस में मारपीट

हरिभूमि न्यूजरर ▶▶| पानीपत

पानीपत के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आपसी शिकायबाजी को लेकर रिश्ते में लगने वाले भाभी व देवर के बीच मारपीट हो गई। भाभी का आरोप है कि देवर उसे आरटीआई लगा कर परेशान कर है। वह इस मामले की शिकायत लेकर एसपी से मिलने आई थी, यहां पर भी देवर उसके पीछे आ गया, देवर का आया देख भाभी आपा खो बैठी और मारपीट हो गई। मौके पर उपस्थित पुलिस बल ने बीच बचाव किया।

### संदिग्ध हालात में किशोरी लापता, केस दर्ज

- शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की

हरिभूमि न्यूजरर ▶▶| पानीपत

पानीपत के ब्लाक इसराना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की संदिग्ध हालात में लापता हो गई। वहीं, लड़की घर से काम का बहाना बनाकर निकली थी। शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की।

मामले की शिकायत के आधार पर इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस को कोई सुराग नहीं लग पाया है।

## सोशल मीडिया से दूर रहें विद्यार्थी: शर्मा

- एसडीआईएस के छात्रों से जंक फूड नहीं खाने, खेल व योगासन करने का आह्वान
- बाहरी ट्यूशन से अपने आप को दूर रखें

हरिभूमि न्यूजरर ▶▶| पानीपत

एसडी इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावकों के साथ कॉफी के साथ बैठक का आयोजन हुआ। वहीं स्कूल की प्रधानाचार्या रुचि शर्मा ने कहा कि बच्चे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से दूर रहें, अधिक से अधिक अपने आप को खेल कूद, व्यायाम व योग से जोड़े।

जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई-लिखाई में एकाग्रचित्तता में मदद मिलेगी और शिक्षा के क्षेत्र में वे अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकेंगे। बच्चे घर पर बने खाने को प्राथमिकता दें और जंक फूड से दूर रहें।

उन्होंने कहा कि विद्यालयी शिक्षण में विद्यार्थी अपनी अधिक से अधिक रुचि लें। बाहरी ट्यूशन से अपने आप को दूर रखें। उन्होंने दावा किया कि ऐसे आयोजनों से पारदर्शिता बढ़ती है और एक सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण होता है।

हम सभी का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ साथ उनका उज्ज्वल भविष्य निर्माण करना है। वहीं, नाट्य कलाकार रमेश खन्ना ने भी मार्गदर्शन किया।



पानीपत। एसडी इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या रुचि शर्मा संबोधन करते हुए।

## आईटीआई में तीसरी कट ऑफ लिस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई जींद और राजकीय महिला आईटीआई जींद में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विभाग द्वारा जारी की गई तीसरी मेरिट सूची के अनुसार राजकीय आईटीआई जींद में 297 विद्यार्थियों और महिला आईटीआई में 13 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को 26 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन करवाना होगा। जबकि फीस जमा करने की अंतिम तिथि 27 जुलाई निर्धारित की गई है। संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने जानकारी दी कि चयनित विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से मोबाइल संदेश और फोन कॉल्स के माध्यम से सूचित किया जा रहा है ताकि वे समय पर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकें। मेरिट सूची में चयनित छात्रों को दस्तावेज सत्यापन और समय पर फीस भुगतान कर दाखिले की पुष्टि करनी आवश्यक है। जिससे उनकी सीट सुरक्षित हो सके। अबतक राजकीय आईटीआई जींद में कुल 419 विद्यार्थियों का चयन किया जा चुका है। तीसरी मेरिट सूची ऐसे विद्यार्थियों के लिए जारी की गई है, जो पहले और दूसरे चरण में चयनित नहीं हो पाए थे।

## अवैध निर्मित मेडिकेयर सुपर अस्पताल पर कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूजरर ▶▶| समालखा



समालखा। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर, नपा सचिव मनीष शर्मा को ज्ञापन देते हुए।

आरटीआई एक्टिविस्ट ने मेडिकेयर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विरुद्ध एडीसी के आदेश को लागू कराने के लिए एसडीएम व पालिका सचिव को मांग पत्र दिए । एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि अभी एडीसी के आदेश उन तक नहीं पहुंचे हैं,आदेश मिलते ही आदेशानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पालिका सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि जांच अधिकारी एवं एडीसी द्वारा मांगी गई सूचना तैयार करवाई जा रही है और जल्द पालिका भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि उनकी शिकायत पर गत 18 जुलाई को एडीसी एवं कमिश्नर नगर निगम डा.पंकज यादव ने जांच की थी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पर कार्यवाही के मौखिक आदेश दिए थे।

#### टॉप टेन की सूची में स्थान बनाने वाले सभी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## आर्य कॉलेज की सारा व प्रेरणा ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूजरर ▶▶| पानीपत



आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने बताया कि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने बीए जनसंचार के छठे समेस्टर का परीक्षा परिणाम में आर्य कॉलेज की छात्रा सारा खान व प्रेरणा ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त कर कॉलेज व पानीपत का नाम रोशन किया। वहीं, डॉ. गुप्ता ने मंगलवार को टॉप टेन की सूची में स्थान बनाने वाले सभी विद्यार्थियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही कॉलेज के जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण, प्राध्यापक शिवांक रावल, केशव शर्मा प्राध्यापिका गजल पांचाल व सोनू को इस शानदार अवसर पर बधाई दी। वहीं, डॉ. गुप्ता ने बताया कि सारा खान व प्रेरणा ने 398-398 अंक प्राप्त किए। जबकि अंजलि ने 390 अंक लेकर चौथा, छात्र गुनीत सिंह ने 385 अंक लेकर छठा, शोभित कुमार ने 383 अंक लेकर टॉप टेन की सूची में सातवां स्थान हासिल किया साथ ही छात्रा खुशी ने 376 अंक लेकर 11 वां स्थान हासिल किया।

